# <u>घोषणा पत्र</u>

<u>(50/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर नोटेरी द्वारा सत्यापित)</u>

मैं ............................................................पुत्र/पुत्री श्री ..................................................................... रोल नं. ............................ मेरिट ........................................ है, एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर भर्ती परीक्षा–2024 में एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उपनिदेशक) के पद पर चयनित हुआ/हुई हूँ।

मैं शपथ पूर्वक निम्नानुसार घोषणा करता/करती हूँ : –

1. कि मैं राजस्थान कम्प्यूटर राज्य एवं अधीनस्थ सेवा में एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उपनिदेशक) पद हेतु अपेक्षित तथा उक्त हेतु जारी विज्ञापन में वर्णित शर्तानुसार शैक्षणिक योग्यता/ कार्यानुभव रखता/रखती हूँ।

2. कि मेरे द्वारा योग्यता/अर्हता संबंधी दी गई जानकारी विज्ञापन में अंकित शैक्षणिक योग्यता/अर्हता के अनुरूप है।

3. कि इस क्रम में मेरे द्वारा प्रस्तुत कार्य अनुभव प्रमाण पत्र वैध एवं सत्य है तथा संस्था जिसका अनुभव प्रमाण पत्र मैने प्रस्तुत किया है, वह तत्समय अस्तित्व में थी।

4. कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदन से संबंधित सभी शैक्षणिक/श्रेणी/अनुभव संबंधित दस्तावेज/सूचनांए एवं संलग्न किए गए प्रमाण पत्र/डिग्री पूर्णरूप से सही है एवं मिथ्या/जाली/नकली/गलत तरीके से तैयार करा कर प्रस्तुत नहीं किये गये है।

5. कि वर्तमान में आज दिनांक तक मेरे विरूद्ध कभी भी किसी भी थाना क्षेत्र में कोई आपराधिक प्रकरण न तो दर्ज हुआ है न ही मेरे विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपराधिक जांच लंबित है। मेरे विरूद्ध कोई फौजदारी/न्यायिक प्रकरण किसी भी न्यायालय में न तो दायर हुआ है और न ही लम्बित है।

6. कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किया गया कोई भी दस्तावेज किसी भी प्रकार से जाली/नकली पाया जाता है अथवा मेरे द्वारा उक्त घोषणा पूर्ण अथवा आंशिक असत्य पायी जाती है तो ऐसी स्थिति में मुझे पूर्ण रूप से ज्ञात है कि मेरी अभ्यर्थिता/पात्रता/चयन तुरन्त प्रभाव से निरस्त कर उसी समय मुझे राजकीय सेवा से पृथक कर दिया जायेगा, जिसके लिये मैं स्वयं पूर्ण रूप से उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी। ऐसी स्थिति में नियुक्ति प्राधिकारी को यह पूर्ण अधिकार होगा कि मेरे विरूद्ध वैधानिक/पुलिस/न्यायिक/ अनुशासनात्मक इत्यादि कार्यवाही कर सकते है, जिसके लिये मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। मुझे यह भी ज्ञात है कि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नियमानुसार अन्य परीक्षाओं में शामिल होने से मुझे वंचित (Debar) किया जा सकता है, उसके लिये भी मैं ही स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

दिनांक.................................
स्थान..................................

हस्ताक्षर.............................................
नाम .................................................
पता..................................................
.........................................................
मोबाईल नं.......................................
ईमेल ...............................................